# झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,
## निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।

विज्ञापन संख्याः- 01/2016 आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 26.102016

## संविदा पर नियुक्ति हेतु सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, राँची के संकल्प संख्या–05/प्रशिक्षण(पदसृजन)– 155/2016–960 दिनांक–22.06.2016 के द्वारा निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण के अन्तर्गत झारखंड राज्य में प्रारंभ किये जाने वाले 30 नये औधोगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सृजित किये गये प्राचार्य, व्यवसाय अनुदेशक एवं निम्नवर्गीय लिपिक के पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से संलग्न विहित प्रपत्र में नियोजनालयों के माध्यम से निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित आवेदक अपना आवेदन पत्र संबंधित नियोजनालय को निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे ताकि दिनांक–26.10.2016 के अपराहन् 05:00 बजे तक स्थानीय नियोजनालय को प्राप्त हो जाय।

वैसे उम्मीदवार जिन्होंने अभी तक किसी नियोजनालय में निबंधन नहीं कराया है वे अपने निकटतम / स्थानीय नियोजनालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा वेबसाईट www.jharkhandemployment.nic.in पर online निबंधन कर अपना आवेदन उसी नियोजनालय को निबंधित डाक / स्पीडपोस्ट से भेज सकते हैं।

रिक्त पदों की कोटिवार संख्या निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | पद का नाम | अनारक्षित | अनु0ज0 जा0 | अनु0 जा0 | अ0पि0 वर्ग | पि0वर्ग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्राचार्य | 15 | 08 | 03 | 02 | 02 | 30 |
| 2 | विद्युत अनुदेशक | 48 | 25 | 10 | 07 | 06 | 96 |
| 3 | फीटर अनुदेशक | 48 | 25 | 10 | 07 | 06 | 96 |
| 4 | डीजल मैकेनिक अनुदेशक | 21 | 11 | 04 | 03 | 03 | 42 |
| 5 | वेल्डर अनुदेशक | 24 | 12 | 05 | 04 | 03 | 48 |
| 6 | सर्वेयर अनुदेशक | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 06 |
| 7 | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक अनुदेशक | 06 | 03 | 01 | 01 | 01 | 12 |
| 8 | हाऊसकिपिंग अनुदेशक | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 06 |
| 9 | बेसिक कॉस्मेटोलॉजी अनुदेशक | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 06 |
| 10 | फैशन टेक्नोलॉजी अनुदेशक | 06 | 03 | 01 | 01 | 01 | 12 |
| 11 | सिविंग टेक्नोलॉजी अनुदेशक | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 06 |
| 12 | फ्रंट ऑफिस असिस्टेंट अनुदेशक | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 06 |
| 13 | वर्कशॉप कैलकुलेशन एंड साइंस(गणित) अनुदेशक | 30 | 16 | 06 | 05 | 03 | 60 |
| 14 | ड्राईंग अनुदेशक | 30 | 16 | 06 | 05 | 03 | 60 |
| 15 | निम्नवर्गीय लिपिक | 45 | 23 | 09 | 07 | 06 | 90 |
| | कुल – | 288 | 147 | 60 | 47 | 34 | 576 |

## पदवार शैक्षणिक एवं अन्य अहर्त्ताएं निम्नवत् होगी :–

**क्रम संख्या–01 (प्राचार्य पद के लिए)**

क). किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय / संस्थान से इंजीनियरिंग में डिग्री (Mechanical / Electrical / EEE branch)

ख). सुसंगत अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित प्रतिष्ठान / कारखाने में पर्यवेक्षकीय हैसियत से दो वर्ष का कार्य अनुभव अथवा किसी मान्यता प्राप्त तकनीकी शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण कार्य करने का दो वर्ष का अनुभव।

ग). वेतनमान् – रू0 9,300 – 34,800 + ग्रेड पे0– रू0 4,800/–

घ). उम्र सीमा (दिनांक–01.08.2016) : न्यूनतम 22 वर्ष एवं अधिकतम – 35 वर्ष।

**क्रम संख्या – 02 से 12**

क). प्रवेशिकोत्तीर्ण, संबंधित व्यवसाय में आई0टी0आई0 / डिप्लोमा / डिग्री उत्तीर्ण।

ख). प्रशिक्षण अवधि सहित पाँच वर्ष का अनुभव (किसी मान्यता प्राप्त औधोगिक प्रतिष्ठान अथवा राज्य या केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान में शिक्षण कार्य)।

ग). वेतनमान् : रू0 9,300 – 34,800 + ग्रेड पे0–4,200/–

घ). उम्र सीमा : न्यूनतम 21 वर्ष – अधिकतम 35 वर्ष

**क्रम संख्या–13 एवं 14**

क). प्रवेशिकोत्तीर्ण, इंजीनियरिंग की किसी भी विधा में डिप्लोमा / डिग्री

ख). प्रशिक्षण अवधि सहित किसी मान्यता प्राप्त औधोगिक प्रतिष्ठान अथवा राज्य या केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से पॉच वर्ष का कार्यानुभव।

ग). वेतनमान् रू0 9,300 – 34,800 + ग्रेड पे0 रू0 4,200 /–

घ). उम्र – न्यूनतम 21 वर्ष – अधिकतम 35 वर्ष

नोट :–मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से तात्पर्य है कि प्रतिष्ठान औधोगिक अधिनियम / कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित हो। क्रम संख्या–1 से 14 तक के पदों के लिए अनुभव की गणना संबंधित शैक्षणिक योग्यता के पष्चात् अनुभव मात्र की ही की जायेगी।

**क्रम संख्या–15**

क). किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से न्यूनतम इंटरमिडिएट या 10+2 उत्तीर्ण तथा हिन्दी टाईपिंग में कम से कम 35 शब्द प्रति मिनट की गति।

ख). वेतनमान् रू0 5,200 – 20,200 + ग्रेड पे0 – 1900/–

ग). उम्र –न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष।

**नोट :–**क). न्यूनतम / अधिकतम उम्र सीमा की गणना दिनांक–01.08.2016 को की जाएगी। अधिकतम उम्र सीमा में अनुसूचित जाति / जनजाति (पुरूष एवं महिला) को 05 वर्ष, अत्यंत पिछडा वर्ग(अनु0 1) तथा पिछडा वर्ग (अनु0 2) को 02 वर्ष तथा सभी कोटि की महिलाओं (अनुसूचित जाति / जनजाति को छोड़कर) को 03 वर्ष की छूट दी जायेगी।

ख). वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 4569/ वि0, दिनांक 05.07.2002 में निहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए संविदा पर नियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी तथा प्रथम चरण में नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी। सेवा संतोषप्रद होने पर इसे अगले एक–एक वर्ष करके दो बार तक विस्तारित किया जा सकता है। इस दौरान यदि नियमित नियुक्ति होती है तो नियुक्ति की तिथि से सेवा समाप्त समझी जायेगी।

ग). झारखंड सरकार द्वारा लागू आरक्षण संबंधी नियम प्रभावी होंगे। आरक्षण का लाभ उन्हीं उम्मीदवारों को दिया जायेगा जो झारखंड राज्य के स्थाई निवासी है। आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने गृह जिला के अनुमंडल पदाधिकारी / उपायुक्त द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। व्यवसाय अनुदेशकों के लिए नियुक्ति में आरक्षण व्यवसायवार दिया जायेगा।

घ). नियुक्ति में झारखंड राज्य के महिला एवं दिव्यांगजनों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रॉची के द्वारा निर्गत संकल्पों / आदेशों के प्रावधानानुसार क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय होगा।

च). नियुक्ति में झारखंड सरकार द्वारा निर्गत नियमों का अनुपालन किया जायेगा।

छ). नियुक्ति में झारखंड राज्य के अधिवासियों को अधिमानता दी जायेगी।

विज्ञापित किये जा रहे विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु निम्न मापदण्ड अपनाये जायेंगे–

क). प्राचार्य पद के लिये –

| क्र0 | शैक्षणिक योग्यता | weightage | अनुभव | साक्षात्कार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | इंटरमिडिएट (विज्ञान) | 10% | 02 साल – 04 अंक<br>03 साल – 06 अंक<br>04 साल – 08 अंक<br>05 साल – 10 अंक | 15 अंक (अधिकतम) |
| 2 | डिग्री इन इंजिनियरिंग (ME, EE, EEE) | 60% | | |
| 3 | M. Tech | 05 अंक | | |

ख). व्यवसाय अनुदेशकों के लिये –

| क्र0 | शैक्षणिक योग्यता | weightage | अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| आई0टी0आई0 पास उम्मीदवार के लिये | | | |
| 1 | मैट्रीक या समकक्ष | 15% | 03 साल – 06 अंक<br>04 साल – 08 अंक<br>05 साल – 10 अंक |
| 2 | आई0टी0आई0 | 70% | |
| 3 | अनुदेशक प्रशिक्षण प्राप्त | 05 अंक | |
| डिप्लोमा पास उम्मीदवार के लिये – | | | |
| 1 | मैट्रीक या समकक्ष | 15% | 02 साल – 04 अंक<br>03 साल – 06 अंक<br>04 साल – 08 अंक<br>05 साल – 10 अंक |
| 2 | डिप्लोमा इन इंजिनियरिंग | 75% | |
| इंजिनियरिंग डिग्री प्राप्त उम्मीदवार के लिये – | | | |
| 1 | मैट्रीक या समकक्ष | 10% | 01 साल – 02 अंक<br>02 साल – 04 अंक<br>03 साल – 06 अंक<br>04 साल – 08 अंक<br>05 साल – 10 अंक |
| 2 | इंटरमिडिएट (विज्ञान) | 10% | |
| 3 | इंजिनियरिंग डिग्री | 70% | |
| निम्न वर्गीय लिपिक के लिये – | | | |
| 1 | मैट्रीक या समकक्ष | 10% | |
| 2 | इंटरमिडिएट | 75% | |
| 3 | स्नातक | 10% | |
| 4 | स्नातकोत्तर | 5% | |
| इस पद हेतु वैसे उम्मीदवार की नियुक्ति की जा सकेगी जो हिन्दी टंकण की जॉच परीक्षा में न्यूनतम् 35 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त कर सकेंगे। | | | |

नोट :–ऊपर वर्णित weightage कॉलम में अंकों की गणना दर्शायी गई प्रतिशत को संबंधित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत के आधार पर की जायेगी। उदाहरणस्वरूप, अगर किसी आवेदक ने मैट्रिक या समकक्ष में 60% अंक प्राप्त किया है एवं इस शैक्षणिक योग्यता के weightage कॉलम में 15% दर्शाया हुआ है तो उसे $60 \times \frac{15}{100} = 09$ अंक मिलेंगे।

उपर्युक्त योग्यताधारी आवेदक अपना आवेदन पत्र निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे ताकि वह निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक–26.10.2016 तक स्थानीय नियोजनालय (जिस नियोजनालय में निबंधित हो, उसी नियोजनालय) में निश्चित रूप से प्राप्त हो जाय। लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम अवश्य लिखें। आवेदन पत्र के साथ सभी वांछित शैक्षणिक

योग्यता / तकनीकी योग्यता संबंधी अंक पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्गो के लिए), स्थानीय प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र (दिव्यांगों के लिए)की स्वअभिप्रमाणित प्रतियों के अलावे रू0 25/– (पचीस रूपये) का डाक टिकट लगा स्वपता लिखा लिफाफा अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे। स्थानीय प्रमाण पत्र नियमानुसार अनुमंडल पदाधिकारी / उपायुक्त द्वारा निर्गत ही मान्य होगा। डाक की गडबडी का उत्तरदायित्व विभाग पर नहीं होगा और ऐसी स्थिति में आवेदन का दावा मान्य नहीं होगा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त अथवा साधारण डाक से प्राप्त एवं निर्धारित अहर्त्ता पूरी नहीं करने वाले, आधे अधूरे भरे हुए एवं वांछित अनुलग्नकों के संलग्न न होने की दशा में आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

नोट :– 1. अलग अलग पदों यथा प्राचार्य, व्यवसाय अनुदेशक तथा निम्नवर्गीय लिपिक पद के लिए अलग अलग आवेदन देना होगा।

2. उम्मीदवार मात्र एक ही अनुदेशक व्यवसाय के पद पर आवेदन दे सकते हैं।

3. विज्ञापित किये जा रहे विभिन्न पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड की विस्तृत जानकारी निदेशालय के वेबपोर्टल www.niyojanprashikshan.nic.in पर देखी जा सकती है।

## आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र

पासपोर्ट साईज का स्वअभिप्रमाणित फोटो

1. विज्ञापन संख्या – / 2016
2. आवेदित पद का नाम : ..........................................
3. आवेदक का नाम : ..........................................
4. आवेदक के पिता/पति का नाम : ..........................................
5. स्थायी पता : ग्राम : ............... पोस्ट : ............. थाना : ............. जिला : ............... पिन कोड : .................
6. पत्राचार का पता : ग्राम : ....................... पोस्ट : ..................... थाना : ....................... जिला : ..................... पिन कोड : ................. मोबाईल नं0........................................ ई–मेल ..........................................
7. जन्म तिथि :
   दिनांक–01.08.2016 को उम्र ................. वर्ष .................. माह ................. दिन ...................
8. शैक्षणिक योग्यता (मैट्रिक/समकक्ष एवं उससे उपर के शैक्षणिक योग्यता भरें तथा सभी प्रमाण पत्रों / अंक पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)।

| उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

9. कार्यानुभव
   प्रतिष्ठान का नाम ......................................... निर्गत प्रमाण पत्र सं0.......................... दिनांक–...............................
   अवधि – दिनांक–....................................... से दिनांक–............................................... तक
10. जाति(केवल आरक्षित वर्गो के लिए) : .................................... (अनुमंडल पदा0 / उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति)
11. स्थानीयता : ...............................(अनुमंडल पदा0 / उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति)
12. दिव्यांग : .................................... प्रतिशत (सक्षम बोर्ड / पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति)
13. नियोजनालय का नाम : .......................................................... निबंधन संख्या–...................................
14. तिथि : आवेदक का हस्ताक्षर

**नोट** :– सभी सहायक निदेशक, नियोजन / जिला नियोजन पदाधिकारी / नियोजन पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि वे निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों को नियमानुसार सूची hardcopy तथा soft copy के साथ दिनांक–08.11.2016 तक सीधे निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, नियोजन भवन(द्वितीय तल), आई0टी0आई0 परिसर, हेहल, राँची–834005 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा सूची की एक प्रति अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची को भी भेजेंगे।

03/10/2016

निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखंड, राँची।